

Dr. Manoj Jain
Director

# DAILY CURRENT AFFAIRS QUESTIONS

कर्मण्येव जयते

पुलिस | PATWAR | HIGH COURT | रेलवे JE, Group-D, TC, RPF | BANK | SSC CGL, 10+2, CPO-SI, MTS | शिक्षक I[st] ग्रेड | REET I, II Level

# CURRENT G.K.

## MCQ QUESTIONS

**23 September 2022**



डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित

# काव्य क्लासेज ®

मोदी कॉलेज रोड, दादाबाड़ी, कोटा ( राज. )

पता : मोदी कॉलेज रोड़, दादाबाड़ी, कोटा (राज.)
Helpline : 94601-22225, 81045-02225

## 23 सितंबर का इतिहास

- **1929 :** बाल विवाह निरोधक विधेयक (शारदा कानून) पारित हुआ।
- **1965 :** भारत पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम का आदेश हुआ।
- **1939 :** विश्वविख्यात न्यूरोलॉजिस्ट सिगमंड फ्रायड का निधन हुआ।
- **2009 :** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने भारतीय उपग्रह ओशन सैट-2 समेत सात उपग्रह कक्षा में स्थापित किए।
- **1955 :** पाकिस्तान ने बगदाद समझौता पर हस्ताक्षर किए।

## 23 सितंबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- भारत वर्ष 2047 तक अर्थात भारत @100 तक 15000 अमेरिकी डॉलर की प्रति व्यक्ति आय तक पहुंच सकता है, जिससे समावेशी और सतत् आर्थिक विकास में तेजी आएगी।
- जितेंद्र सिंह पिट्सबर्ग में ग्लोबल क्लीन एनर्जी एक्शन फोरम में भारतीय मंत्रिस्तरीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ग्लोबल क्लीन एनर्जी एक्शन फोरम में भाग लेने के लिए अमेरिका के पांच दिवसीय दौरे पर होंगे। वह इस कार्यक्रम में बिजली, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय और विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के एक संयुक्त प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। इसका लक्ष्य स्वच्छ ऊर्जा नवाचार और इसके उपयोग में तेजी लाने के तरीकों पर विचार करना होगा।
- इजराइल के पुरातत्वविदों की एक टीम ने रामसेस द्वितीय युग की जमीन में दफन हो चुकी एक अत्यंत दुर्लभ गुफा की खोज की है। यह गुफा एक निर्माण कार्य के दौरान एक चट्टान को हटाने पर उजागर हुई। पहली बार खोजी गई यह अछूती गुफा 3,300 साल पुरानी है, और तेल अवीव के दक्षिण में पालमाचिम नेशनल पार्क में स्थित है। फिलहाल गुफा को सील कर सुरक्षित कर दिया गया है, और आगे इसकी खुदाई की योजना तैयार की जाएगी।
- वस्त्र मंत्रालय ने फ्लैगशिप कार्यक्रम नेशनल टेक्निकल टेक्सटाइल्स मिशन के अंतर्गत स्पेशियलिटी फाइबर्स, कम्पोजिट्स, सस्टेनेबल टेक्सटाइल्स, मोबिलटेक, स्पोर्टेक और जियोटेक क्षेत्रों में 60 करोड़ रुपये की 23 रणनीतिक परियोजनाओं को मंजूरी दी। तकनीकी वस्त्रों के निर्माण का मुख्य उद्देश्य कार्यात्मक होता है। तकनीकी वस्त्रों का उपयोग कृषि, वैज्ञानिक शोध, चिकित्सा, सैन्य क्षेत्र, व्यक्तिगत सुरक्षा, उद्योग तथा खेलकूद के क्षेत्रों में व्यापक पैमाने पर होता है। राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन का उद्देश्य वर्ष 2024 तक घरेलू बाजार का आकार 40 बिलियन अमेरिकी डॉलर से 50 बिलियन अमेरिकी डॉलर पहुंचा कर तकनीकी वस्त्रों में वैश्विक लीडर के रूप में भारत को स्थापित करना है।
- महारानी एलिजाबेथ द्वितीय की मृत्यु के बाद से 14 देशों के सामाजिक-आर्थिक परिस्थिति में महत्वपूर्ण परिवर्तन हुआ है। इन 14 में से कई देशों में गणतंत्र स्थापित करने और ब्रिटिश राजशाही से ऐतिहासिक संबंधों से मुक्त होने का आहान किया।
- सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स ने विनोद अग्रवाल को नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। वोल्वो आयशर कमर्शियल व्हीकल्स के एमडी और सीईओ विनोद अग्रवाल को वित्त वर्ष 2023 के लिए सियाम का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वह सियाम के उपाध्यक्ष थे। वह मारुति सुजुकी इंडिया के कार्यकारी उपाध्यक्ष और पूर्णकालिक निदेशक केनिची आयुकावा का स्थान लेंगे। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स और टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के प्रबंध निदेशक शैलेश चंद्र को वित्त वर्ष 2023 के लिए सियाम का उपाध्यक्ष चुना गया। सत्यकाम आर्य को वित्त वर्ष 2023 के लिए सियाम के कोषाध्यक्ष के रूप में चुना गया।
- केंद्र ने प्रस्तावित पीएम प्रणाम योजना की विशेषताओं पर राज्यों से सुझाव मांगे है। केंद्र ने प्रधानमंत्री कृषि प्रबंधन के लिए वैकल्पिक पोषक तत्वों का प्रचार योजना या पीएम प्रणाम शुरू करने की योजना है। इस योजना से राज्यों को प्रोत्साहन मिलेगा। पीएम प्रणाम योजना सब्सिडी बचत का 50 प्रतिशत उस राज्य को अनुदान के रूप में देगी जो पैसा बचाता है। इस अनुदान में से राज्यों को 70 प्रतिशत परिसंपतियां बनाने के लिए उपयोग करना होगा जिससे वैकल्पिक उर्वरकों में प्रौद्योगिकी को अपनाया जा सके। पीएम प्रणाम योजना के लिए अलग से कोई बजट नही होगा। विभिन्न योजनाओं के तहत उर्वरक विभाग द्वारा प्रदान की जाने वाली मौजूदा उर्वरक सब्सिडी की बचत के माध्यम से पीएम प्रणाम योजना का वित्त पोषण किया जाएगा।
- घाना ने मारबर्ग वायरस डिजीज के प्रकोप की समाप्ति की घोषणा की। इस संदर्भ में विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा जानकारी दी गई। जुलाई 2022 में इस प्रकोप की शुरूआत के बाद से इस बीमारी से दो लोगों की मौत हो गई थी। पिछले 42 दिनों में कोई नया मामला सामने नही आने के बाद घाना के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह घोषणा की।
- भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड ने दबाव वाली कंपनियों के मूल्य को बढ़ावा देने के लिए नियमों में संशोधन किया।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस (International Day of Sign Languages) हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 23 सितंबर (B) 24 सितंबर
(C) 25 सितंबर (D) 26 सितंबर

**(A)** 23 सितंबर को दुनिया भर में हर साल अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस मनाया जाता है। यह दिन सांकेतिक भाषाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने और सांकेतिक भाषाओं की स्थिति को मजबूत करने के लिए मनाया जाता है। दुनिया भर में ऐसे कई लोग है, जो बोल या सुन नही सकते है। वह अपनी बात करने के लिए अपने हाथों से चेहरे के हाव-भाव से बात करते है।




**2. फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप 2022 का मेजबान कौनसा देश है ?**

(A) भारत (B) अमेरिका
(C) बांग्लादेश (D) पाकिस्तान

**(A)** फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप 2022 का मेजबान देश भारत है। भारत में यह टूर्नामें 11 से 30 अक्टूबर के बीच होगा। आशालता ने कहा फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप के कारण भारत महिला फुटबॉल का केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा भारतीय महिला फुटबॉल के भविष्य के लिये यह सुनहरा मौका है।




**3. अहमदाबाद के LG मेडिकल कॉलेज का नाम बदलकर नया नाम क्या हो गया है ?**

(A) अरूण जेटली मेडिकल कॉलेज
(B) सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज
(C) नरेंद्र मोदी मेडिकल कॉलेज
(D) सुषमा स्वराज मेडिकल कॉलेज

**(C)** अहमदाबाद के LG मेडिकल कॉलेज का नाम बदल कर नया नाम नरेंद्र मोदी मेडिकल कॉलेज रखा जाएगा। इससे पहले दुनिया के सबसे बड़े अहमदाबाद में सरदार पटेल क्रिकेट स्टेडियम का नाम बदलकर नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम रख दिया था।




**4. हाल ही में किस राज्य के सरकारी अस्पतालों में नई व्यवस्था के तहत अस्पतालों में लगे सभी उपकरणों की बारकोडिंग की जाएगी ?**

(A) राजस्थान (B) महाराष्ट्र
(C) हरियाणा (D) पंजाब

**(A)** राजस्थान के सरकारी अस्पताल में उपचार या जांच के लिए आने वाले मरीजों को मशीन खराब होने का बहाना अब कम सुनाई देगा। प्रदेश सरकार ने चिकित्सा उपकरणों की देखरेख के लिए नई व्यवस्था लागू कर दी है। इस नई व्यवस्था के तहत अस्पतालों में लगे सभी उपकरणों की बारकोडिंग की जाएगी। हर मशीन पर 8 अंक वाला बारकोड चस्पा होगा जिसमें कंपनी का नाम उसका पता और मशीन को ठीक करने वाले इंजीनियर का नाम होगा।




**5. पहला वैश्विक समुद्री पर्यटन उद्योग मंच The Green Fins Hub किस संस्थान से जुड़ा है ?**

(A) विश्व बैंक (B) संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम
(C) विश्व आर्थिक मंच (D) विश्व स्वास्थ्य संगठन

**(B)** The Green Fins Hub अब तक का पहला वैश्विक समुद्री पर्यटन उद्योग मंच है। इस टूल को द रीफ-वर्ल्ड फाउंडेशन द्वारा संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के साथ साझेदारी में विकसित किया गया है। यह उपकरण समुद्री संरक्षण पर्यटन उद्योग में स्थिरता चुनौतियों को दूर करने में मदद करता है।



**6. फसल सुधार के लिए किस संस्थान ने नए राष्ट्रीय स्तर पर कृतज्ञ हैकथॉन 3.0 का आयोजन किया है ?**

(A) इंदिरा गांधी कृषि विश्व विद्यालय, छत्तीसगढ़
(B) भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली
(C) कृषि और बागवानी विज्ञान विश्वविद्याल, कर्नाटक
(D) भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली

**(B)** फसल सुधार के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली ने नए राष्ट्रीय स्तर पर कृतज्ञ हैकथॉन 3.0 का आयोजन किया है। यह कार्यक्रम छात्रों/संकायों/उद्यमियों/नव प्रवर्तनकर्ताओं व अन्य लोगों को फसल सुधार के लिए नवाचार को बढ़ावा हेतु अभिनव दृष्टिकोण व प्रौद्योगिकी समाधान प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करेगा।




**7. Kantar BrandZ India 2022 के अनुसार भारत का सबसे मूल्यवान ब्रांड कौन है?**

(A) TCS
(B) विप्रो
(C) महिंद्रा थार
(D) रिलायंस जिओ

**(A)** टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज की ब्रांड वैल्यू 45,519 मिलियन डॉलर है। टीसीएल की ब्रांड वैल्यू 2022 में 2020 के मुकाबले 212 फीसदी बढ़ी है। इससे पहले HDFC ने 2014 से इस पद पर कब्जा किया था, जब यह रैंकिंग पहली बार लॉन्च की गई थी। टाटा कंसल्टेंसी के अलावा भारत की अन्य दिग्गज कंपनियां जैसे कि इंफोसिस और चार टेक कंपनियों ने टॉप 25 आईटी सर्विसेज ब्रांड में जगह बनाई है।




**8. प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना किस केंद्रीय मंत्रालय से संबंधित है ?**

(A) वित्त मंत्रालय
(B) शिक्षा मंत्रालय
(C) स्वास्थ्य मंत्रालय
(D) रसायन ओर उर्वरक मंत्रालय


**(D)** प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना के तहत देश भर में 8700 से अधिक प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र खोले गए हैं। सरकार ने हाल ही में जनऔषधि केंद्रों में मधुमेह की दवा सीताग्लिप्टिन और इसके संयोजनों को 60 रूपये प्रति दस के पैक पर लॉन्च किया है।




**9. हाल ही में भारत में 70 साल बाद देश से लुप्त हो चुके चीतों को किस देश से लाकर मध्यप्रदेश के कूनो वाइल्ड सेंचुरी में छोड़ा गया ?**

(A) चीन
(B) थाईलैंड
(C) नामीबिया
(D) अजरबेजान

**(C)** हाल ही में नामीबिया की राजधानी विंडहोक से आठ चीते भारत लाये गए। चीते विशेष मालवाहक विमान बोइंग 747 से लाये गए। इस विमान पर चीते का मुंह प्रिंट किया गया है। ग्वालियर हवाई अड्डे पहुंचने के बाद दोपहर में इन सभी को कुनो राष्ट्रीय उद्यान में प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा छोड़ा गया।





**10. मुंबई में आयोजित वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद की 26वीं बैठक की अध्यक्षता किसने की है ?**

(A) पीयूष गोयल
(B) निर्मला सीतारमण
(C) अश्वनी वैष्णव
(D) किरण रिजिजू

**(B)** इस बैठक में अर्थव्यवस्था के लिये प्रारंभिक चेतावनी संकेतकों और उनसे निपटने की तैयारी, मौजूदा वित्तीय एवं क्रेडिट सूचना प्रणाली की दक्षता में सुधार लाने पर चर्चा की गई है। वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद की बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा की जाती है तथा इसके सदस्यों में वित्तीय क्षेत्र के सभी नियामकों के प्रमुख, वित्त सचिव, आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव, वित्तीय सेवा विभाग के सचिव और मुख्य आर्थिक सलाहकार शामिल होते है।

